भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1333

उत्तर देने की तारीख: 25.11. 2019

एकल बालिका संतान के लिए छात्रवृत्ति

† 1333. **श्री हँसमुखभाई सोमभाई पटेल:**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का एकल बालिका संतान हेतु कोई शिक्षा छात्रवृत्ति योजना का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विशेष रूप से एकल बालिका संतान के लिए निम्नलिखित छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति योजनाएं कार्यान्वित कर रहे हैं।

एकल बालिका संतान के लिए योग्यता (Merit) छात्रवृत्ति योजना:- सीबीएसई एकल बालिका संतान के लिए योग्यता छात्रवृत्ति योजना कार्यान्वित कर रहा है। इस छात्रवृत्ति योजना के लिए वह एकल बालिका संतान पात्र हैं, जिन्होंने 60% अंकों के साथ X कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की है और XI एवं XII कक्षा में सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में अध्ययन कर रही हैं। छात्रवृत्ति की दर 6,000/- रुपए प्रति वर्ष है। प्रत्येक वर्ष के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या प्राप्त आवेदनों के आधार पर निर्धारित की जाती है।

यूजीसी एकल बालिका संतान के लिए दो योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है, नामत:-

(i) इंदिरा गांधी एकल बालिका स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति:- यह छात्रवृत्ति कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में पूर्णकालिक आधार पर विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए 30 वर्ष तक की एकल बालिका संतान को प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति की दर 36,200 रुपए प्रति वर्ष है, जो कि केवल दो वर्ष की अवधि के लिए दी जाती है। नई छात्रवृत्तियों की संख्या 3,000 प्रति वर्ष है।

(ii) सामाजिक विज्ञान में शोध के लिए स्वामी विवेकानंद एकल बालिका अध्येतावृत्ति: अध्येतावृत्ति कार्यक्रम कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में सामाजिक विज्ञान के पूर्णकालिक कार्यक्रम में दाखिला लेने वाली 40 वर्ष तक की एकल बालिका संतान के लिए, पाँच वर्ष की अवधि तक प्रदान किया जाता है। आरंभिक दो वर्ष के लिए 25,000/- रुपए प्रति माह एवं शेष अवधि के लिए 28,000/- रुपए प्रति माह की अध्येतावृत्ति राशि प्रदान की जाती है। किसी विशेष वर्ष के लिए अध्येतावृत्ति की कोई निश्चित संख्या निर्धारित नहीं है एवं यह हर साल प्राप्त होने वाले आवेदनों की संख्या के आधार पर अलग-अलग है।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रदान की गई छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और वितरित राशि इस प्रकार है:-

क्र. सं.	**छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति योजना का नाम**	**वितरित की गई छात्रवृत्ति (नई + नवीनीकरण)**			**वितरित राशि (करोड़ रुपए में)**		
		2016-17	**2017-18**	**2018-19**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
1.	एकल बालिका संतान के लिए योग्यता छात्रवृत्ति योजना	2,281	2,434	1,958	136.86	146.04	117.48
2.	इंदिरा गांधी एकल बालिका स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति	10,537	11,532	2,289	11.37	11.13	9.91
3.	सामाजिक विज्ञान में शोध के लिए स्वामी विवेकानंद एकल बालिका अध्येतावृत्ति	77	150	142	3.04	4.70	4.74

****